हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
25 जनवरी 2025, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अब से कुछ ही देर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी।
- आज देशभर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा विविध, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि, इस वर्ष जून तक 360 से अधिक जीवंत गांव में 4G कनैक्टिविटी उपलब्ध करवाई जायेगी।
- जींद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पीने के लिए भाखड़ा का पानी मिलेगा।
- हरियाणा के एक पुलिस अधिकारी को राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 8 अन्य पुलिस अधिकारियों को पुलिस पदक से अलंकृत किया जायेगा।

****************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी तथा अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। बाद में दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से इसका प्रसारण करेगा।

****************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र एक अनूठा उदाहरण है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जल्द ही देश में मतदाता की गिनती एक अरब के पार हो जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने में अनुकरणीय प्रयासों के लिए राज्य और जिला अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ चुनावी कार्यपद्धति पुरस्कार प्रदान किए।

****************************************************************************

हरियाणा में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय मतदाता दिवस समारोह में गृह सचिव डॉ सुमिता

मिश्रा ने मुख्यातिथि व हरियाणा के मुख्य निवार्चन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। डॉ मिश्रा ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व उन्होंने स्कूली बच्चों की मतदाता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य निवार्चन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि आज हरियाणा ही नहीं पूरे भारत में चुनावों को उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। लोग स्वतंत्र होकर चुनाव में अपने मतदान का उपयोग कर रहे हैं।

डॉ सुमिता मिश्रा व मुख्य चुनाव अधिकारी ने निवार्चन विभाग का कैलेंडर का भी जारी किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी मतदाता दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

*************************************************************************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि इस वर्ष जून तक तीन सौ साठ से अधिक जीवंत गांवों में 4-जी कनेक्टिविटी उपलब्ध करा दी जाएगी। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज नई दिल्ली में जीवंत गांवों से आए विशेष अतिथियों के साथ बातचीत करते हुए श्री अमित शाह ने कहा -

श्री शाह ने कहा कि विभिन्न राष्ट्रीय समारोहों में विशेष अतिथियों को आमंत्रित कर सरकार आम और खास के अंतर को दूर कर रही।

*************************************************************************

जींद विधानसभा क्षेत्र के लोगों को पीने के लिए भाखड़ा का पानी मिलेगा। आज जिला के बड़ोदी गांव में विधानसभा उपाध्यक्ष डाक्टर कृष्ण मिडा ने इसके लिए जलघर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री मिड्□ा ने कहा -

इस जलघर का निर्माण 32 एकड़ भूमि पर किया जाएगा और इस पर 162 करोड़ की लागत आएगी।

*************************************************************************

गणतंत्र दिवस के अवसर पर हरियाणा गुप्तचर विभाग के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सौरभ सिंह को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक तथा 8 अन्य पुलिसकर्मियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि हरियाणा पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों के अथक एवं निरंतर प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान समस्त पुलिस बल के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि इससे राज्य पुलिस बल के अन्य अधिकारियों व जवानों का भी मनोबल बढ़ेगा।

************************************************************************

हरियाणा से अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे लोगों को गणतंत्र दिवस समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर बुलाया गया है। पंचकुला के गांव बुढ़नपुर में कार्यरत आंगनवाड़ी वर्कर रंजना ने आकाशवाणी समाचार को बताया-

************************************************************************

राष्ट्रीय राजमार्ग पर अंबाला सीमा से लेकर सोनीपत सीमा तक लगाए गए 128 सीसीटीवी कैमरो ने काम करना शुरू कर दिया है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आज करनाल स्थित सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष से इनका शुभारंभ किया। अब इस राजमार्ग से गुजरने वाले सभी वाहनों पर हरियाणा पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और यातायात नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के स्वत: चालान हो जाएंगे। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह ऐतिहासिक पहल की गई है।

************************************************************************

उत्तर रेलवे के पांच मंडलों दिल्ली, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद में से अंबाला मंडल को सर्वश्रेष्ठ स्वच्छता सम्मान मिला है। यह सम्मान 69 वें रेल सप्ताह के दौरान दिल्ली में आयोजित समारोह में अंबाला मंडल के रेल प्रबंधक विनोद भाटिया ने ग्रहण किया। सम्मान ग्रहण करने के बाद श्री भाटिया के आज अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पहुँचने पर अधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री भाटिया ने कहा कि यह सम्मान अकेले किसी एक अधिकारी की कार्यशैली से नहीं बल्कि प्रत्येक विभागीय अधिकारी और कर्मचारी के संयुक्त प्रयास से मिला है। उन्होंने बताया कि समारोह में 15 अलग-अलग विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागीय अधिकारियों को शील्ड व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंबाला रेल मंडल को कुल 13 शील्ड मिली हैं।

************************************************************************